/font>

Title: Need to provide ownership right to the labourers living in labour colonies in Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : सभापति महोदय, कानपुर की लेबर कॉलोनियों की दुर्दशा के सम्बन्ध में मैंने सदन का ध्यान कई बार आकर्षित किया था परन्तु अभी तक इस संबंध में कोई फैसला नहीं लिया गया है। उन कॉलोनियों का रख-रखाव न तो नगर निगम करती है और न ही श्रम विभाग करता है जिस के कारण दिन-प्रतिदिन स्थिति बद से बदतर होती चली जा रही है। इसका एक ही हल निकल सकता है कि कॉलोनियों को उनमें रहने वाले निवासियों को उचित दर पर बेच दिया जाए।

14.50 hrs. (Mr. Speaker in the Chair)

मेरा आपसे अनुरोध है कि कृपया सरकार को इस संबंध में निर्देशित करे कि दिल्ली व उड़ीसा की तर्ज पर कानपुर की लेबर कॉलोनियों को उनमें रहने वाले निवासियों को तुरन्त बेचने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।